तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 मालवाहकों में ढोई जा रही सवारियां दुर्घटनाओं को न्योता पर





10 आरटीई से दाखिले के लिए स्कूलों में100 गुना ज्यादा ..




## खबर संक्षेप

### हाइड्रा की टक्कर से मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से वाहन को चलाते हुए चालक ने युवक को चपेट में लिया। हादसे में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 281,106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि बीरपारा माजपारा थाना रानीताला जिला मुर्सिदाबाद पश्चिम बंगाल हाल मुकाम कोलिहापुरी निवासी ओसिमुददीन शेख ने सूचना दी कि ग्राम कोलिहापुरी भारतमाला रोड प्रोजेक्टा में हाइड्रा वाहन सीजी 07 बीटी 0316 के चालक सांकरा सोमानी निवासी नरेन्द्र कुमार निषाद के द्वारा हाइड्रा क्रेन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाते मोहम्मद हुमायूं कबीर को चपेट में लिया। हादसे में उसके शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई है।

### युवक पर चाकू से हमला, अपराध दर्ज

**भिलाई।** युवक को धारदार हथियार से हमला कर फरार होने वाले युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि बैकुंठधाम केम्प 2 निवासी रविशंकर शर्मा प्राइवेट कंपनी में सेल्समेन का काम करता है। 19 अप्रैल की रात अपने दोस्तो दीपक विश्वकर्मा, दीपक प्रजापति के साथ खडा था। पिता कन्हैयालाल शर्मा ने कॉल किया कि प्रशांत को अज्ञात ने चाकू से हमला कर दिया। दोस्तो के साथ पीड़ित अपने घर गया प्रशांत घायल पड़ा था। पुलिस ने जब प्रशांत से पूछताछ करने पर बताया कि दोस्त राहुल बांधे, राजवीर ऊर्फ लडडू शर्मा की बहन कशिश शर्मा से प्यार करता है। फोन पर बातचीत करता है। इस बात की जानकारी राजवीर ऊर्फ लडडू शर्मा को होने पर आदि ऊर्फ सोनू नागरारे, प्रकाश ऊर्फ लल्ला जांगडे, उमेंद सिंग ऊर्फ साहिल, प्रियांशु साहू ने मिलकर जैतखाम के पास बैकुंठधाम भिलाई पहुंचे। धारदार हथियार चाकू वार किया। जहां राहुल बांधे को देखकर राजवीर ऊर्फ लडडू शर्मा ने गाली गलौज किया।

### कैनरा बैंक में 87 करोड़ का संदिग्ध लेनदेन


**भिलाई।** जिले की बैंकों में लगातार म्यूल खातों में करोड़ों रुपए के संदिग्ध लेनदेन के मामले प्रकाश में आ चुके है। जिसमें गिरफ्तारी भी पुलिस ने की है। लेकिन उसके बाद भी म्यूल खाते लोग बेखौफ तरीके से चला रहें है। वैशाली नगर पुलिस ने 111 खाता धारकों के खिलाफ धारा 317(2), 317(4) 318(4), 61(2)(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि 87 करोड़ रुपए से अधिक का खातों में ट्रांजेक्शन है। जिसकी शिकायत वैशाली नगर के केनरा बैंक मैनेजर ट्रांजेक्शन को चेक कर पुलिस में शिकायत करने पहुंचे।

# सुशासन समाधान पेटी के आवेदनों का एक सप्ताह में करें निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिला कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की बैठक ले कर बैठक लेकर सुशासन तिहार - 2025 में समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों पर निराकरण की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी सहित जिले के सभी एसडीएम और जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बारी-बारी से जिला अधिकारियों प्राप्त आवेदनों और निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी प्राप्त आवेदनों का निराकरण एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें। किसी

## आनलाइन दिक्कत होने पर जिला सूचना अधिकारी से संपर्क करें



दूसरे विभाग के आवेदन किसी अन्य विभाग को आगये हो तो तत्काल संबंधित विभाग को भेज दें। इसमें किसी प्रकार की ऑनलाइन दिक्कत हो तो जिला सूचना अधिकारी ( डी आई ओ) से संपर्क कर लें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आवेदनों के निराकरण पर फोकस करें। आगामी माह 5 मई से 31 मई 2025 तक होने वाले समाधान शिविर भी अच्छे ढंग सम्पन्न करें।इन शिविरों में समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों की संबंधित लोगों को किए गए निराकरण की जानकारी भी दी जायेगी। इसके अलावा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। इस इसके लिए समय रहते तैयारी कर ली जाए।

## मौसम

**मौसम विभाग की चेतावनी आगामी तीन-चार दिनों तक हीटवेव के आसार**

# लू के थपेड़ों ने किया बेहाल, पारा 40 पर, बच्चे व बुजुर्गों की सेहत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गर्मी का तांडव हर गुजरते दिन के साथ बढ़ता ही चला जा रहा है। अंचल में पिछले पांच दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा है। वहीं सोमवार को यह 42 डिग्री पर रहा। इतना ही नहीं दिन के अलावा अब रातें भी गर्म होने लगी है।

■ बिना गमछा, टोपी पहने और छात्रा ओढ़े घर से निकले

न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2 डिग्री अधिक यानि 26 डिग्री पर पहुंच चुका है। ज्ञात हो कि 40 डिग्री से अधिक तापमान होने पर हीटवेव के हालात निर्मित होते है। हीटवेव का सीधा असर लोगों की सेहत पर देखने को मिल रहा है। आलम यह है कि जिले में वायरल के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अस्पताल पहुंचने वाला हर पांचवा मरीज वावरल के संक्रमण से ग्रसित है। डॉक्टरों का कहना है कि



अभी हीटवेव के गंभीर मामले सामने नहीं आ रहे है, लेकिन आगे गर्मी और बढ़ने पर लोगों को गंभीर शिकायतें हो सकती है। ऐसे में सावधानी बरतना जरूरी हो गया है। इधर बच्चे 40 डिग्री तापमान में स्कूल आना-जाना कर रहे हैं। ऐसे में बढ़ती गर्मी को देखते हुए अब स्कूलों में छुट्टी की मांग बढ़ने लगी है। ज्ञात हो कि सामान्य तौर पर जब तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री से 6.4 डिग्री अधिक हो जाता है, तो हीटवेव की घोषणा की जाती है। यदि तापमान सामान्य से 6.4C से अधिक दर्ज किया जाता है, तो यह गंभीर हो जाता है। बेमेतरा जिले में सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री अधिक, 43 डिग्री सेल्सियस पर रहा

### बच्चे-बुजुर्गों पर बीमार का अधिक असर

तेज गर्मी की वजह से डिहाईड्रेशन यानि शरीर में पानी की कमी होने लगती है। जिसका खतरा बच्चों, बुजुलों और पेशेंट्स को ज्यादा होता है। डायविटिक्स को तो बार बार यूरिन के चलते डिहाईड्रेट होने का डर रहता है। यूरिन प्रॉब्लम का जिक्र हुआ है तो बता दें कि इस मौसम में कम पानी पीने वालों को यूरिन इंफेक्शन का खतरा ज्यादा होता है। पानी कम पीने से बैक्टीरिया बॉडी से बाहर नहीं निकल पाते और इंफेक्शन की वजह बनते हैं।

### दुकान से सीधी दवा ले रहे लोग

मेडिकल स्टोर्स में इन दिनों सर्दी, खांसी, बुखार जैसी समस्याओं की दवाओं की बिकी में काफी इजाफा देखने को मिला है। लोग बिना डॉक्टर से परामर्श लिए सीधे मेडिकल स्टोर्स से दबा ले रहे हैं। बीमार होने वाले लोगों में बच्चे. बुजुर्ग के साथ ही शुगर-बीपी जैसी बीमारियों से वासित लोग शामिल है।

# मरार पटेल सामुदायिक भवन का छाबड़ा ने किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ कोरिया महाराज पटेल समाज तेलगा के मां मावली प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा शामिल हुए जहां उन्होंने विधायक रहते अपनी निधि से दी गई राशि से निर्मित सामुदायिक का लोकार्पण किए। इस दौरान मौजूद समाज जनों के बीच पूर्व विधायक ने कहा कोसरिया पटेल मरार समाज का छत्तीसगढ़ राज्य एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है समाज में आज की युवा पीढ़ी पर लिखकर समाज का नाम रोशन करते हुए देश की सेवा कर रही है।

श्री छाबड़ा ने यह भी कहा कि पटेल मरार समाज को शिक्षा के क्षेत्र में और आगे आना चाहिए कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष बेरला प्रतिनिधि रवि परगनिहा, भगवती प्रसाद पाटिल राज प्रधान हरिश्चंद्र देवांगन सरपंच ग्राम ▶▶| शेष पेज 11 पर

# मरार पटेल समाज की एकता, सादगी और समरसता अनुकरणीय : विधायक दीपेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार (पटेल) समाज,(तेलगा) द्वारा समाज के सांस्कृतिक धरोहर और मूल्यों को सहेजते हुए ग्राम मावली मंदिर प्रांगण मे आदर्श विवाह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन मे मुख्य अतिथि के रूप मे बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए l वही कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने किया l कार्यक्रम की शुरुवात पटेल समाज के आराध्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना के साथ शुरुवात हुई l तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का श्री

■ समाज के आदर्श विवाह समारोह में विधायक और जिपं अध्यक्ष हुए शामिल

फल साल एवं मोमेंटो भेटकर सम्मानित किया गया।

ग्राम तेलगा में आयोजित आदर्श विवाह समारोह में आज क्षेत्रीय विधायक श्री दीपेश साहू ने मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित होकर मरार (पटेल) समाज को उनके सादगीपूर्ण और संगठित सामाजिक आयोजन हेतु बधाई दी। विधायक श्री साहू ने अपने संबोधन में कहा, "यह आयोजन केवल विवाह का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सादगी और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। मरार (पटेल) समाज द्वारा किया गया यह प्रयास वास्तव में अनुकरणीय है और अन्य समाजों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को उनके नए जीवन के प्रारंभ पर शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि, "आप सभी का वैवाहिक जीवन सुखद, समृद्ध, स्नेहमयी और संस्कारों से परिपूर्ण हो – यही मेरी हार्दिक कामना है।" विधायक साहू ने यह भी कहा कि, "मरार समाज ने सदैव कृषि, संस्कृति और सेवा के क्षेत्र में राज्य और देश को दिशा देने का कार्य ▶▶| शेष पेज 11 पर

**बोरियारंग महोत्सव एवं मड़ई मेला में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी का सम्मान**

# संस्कृति और परंपरा समाज की जीवंत पहचान, उसका संरक्षण करें : कल्पना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

ग्राम बोरिया में आयोजित दो दिवसीय बोरियारंग महोत्सव एवं मड़ई मेला में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए और आयोजन समिति के लोगों ने जिला पंचायत अध्यक्ष का समाजसेवी के रुप में सम्मान किया।

आयोजन समिति के लोगों ने कहाँ और कल्पना योगेश तिवारी ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई, बल्कि अपनी उपस्थिति से ग्रामीणों और आयोजकों में नई ऊर्जा का संचार किया। ईसके लिये आयोजन समिति के संयोजक पद्मश्री राघेशयाम बारले अभार प्रकट किया। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना तिवारी ने अपने उद्बोधन में





कहा कि हमारी संस्कृति हमारी पहचान है। इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण अंचलों की लोक परंपराएं जीवित रहती हैं और अगली पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनती हैं।/" उन्होंने ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि बोरियारंग जैसे महोत्सव सामाजिक एकता, सांस्कृतिक धरोहर और लोककला को बढ़ावा देने का श्रेष्ठ उदाहरण हैं। कल्पना तिवारी ने यह भी आश्वस्त किया कि जिला पंचायत बेमेतरा द्वारा भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को प्रोत्साहन देने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और ग्रामीणों से अपनी परंपराओं को जीवित रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महिलाओं की अधिक भागीदारी होने पर उन्होंने खुशी भी जताया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन से तीन बार सम्मान प्राप्त गुरुघासीदास कला प्रदर्शन करने वाली टीम ने अद्भुत प्रस्तुति दी। साथ ही विभिन्न लोक कलाकारों व सांस्कृतिक समूहों ने छत्तीसगढ़ी लोकगीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। यहां कई प्रख्यात स्थानीय कलाकार एवं विभिन्न क्षेत्रों से भी लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक दीपेश साहुं ,पुर्व विधायक अवधेश चंदेल ,योगेश तिवारी पद्मश्री आरएस बारले, बिरेन्द्र टंडन (सरपंच) रहे। इस दौरान चेतन बघेल (उपसरपंच), संतोष साहू (सरपंच, बहेरा ), डा. चुरामन साहू, राजू साहू, राजू नेताम, रामसोहामिल टंडन, द्वारिका पाल, हरिपाल, कैलाश टंडन, भागा प्रसाद टंडन, झाड़ू धीवर, सदाराम टंडन, सुखधीर टंडन, सुखेलाल कोसरिया, दाऊलाल देशलहरे सहित अनेक ग्रामीणजन व समाज के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

माह मई 2025

जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट

नोट : 1 मई से 31 मई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 अप्रैल 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार — 1 तोला, 5 नग सोने का हार

द्वितीय पुरस्कार — 1 स्कूटी (EV)

तृतीय पुरस्कार — 2 नग रेफ्रीजरेटर

चतुर्थ पुरस्कार — 3 नग LED TV

सांत्वना पुरस्कार — 1100

कार्यालय प्रति

पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्ते मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि — ग्राहक प्रति — जन्मदिन उत्सव

पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

# बीएसपी के एसएमएस-3 में लैडल फर्नेस ट्रांसफर कार के निर्माण से बचेंगे करोड़ों रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में लैडल फर्नेस ट्रांसफर कार का आतंरिक संसाधनों से निर्माण कर एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि हासिल की गई है, जिससे प्रति कार बड़ी लागत की मत्वपूर्ण बचत सुनिश्चित हुई है।

एसएमएस-3 में तीन बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस (कन्वर्टर) हैं, जिनमें हॉट मेटल को परिष्कृत कर स्टील में परिवर्तित किया जाता है।



## इनका रहा योगदान

मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में शॉप एसएमएस-3 ने मुख्य महाप्रबंधक बीके बेहेरा के अनुमोदन एवं इंजीनियरिंग डिवीजन (ईडीडी) के तकनीकी परामर्श से इस ट्रांसफर कार का आतंरिक संसाधनों से निर्माण करने का निर्णय लिया। मौजूदा लैडल कार की ड्रॉइंग को विकसित कर रिवैम्पिंग सेल में इसकी बॉडी तैयार की गई और मशीन शॉप की सहायता से इसका यांत्रिक निर्माण संपन्न हुआ। 15 अप्रैल को इस आतंरिक संसाधनों से रूप से निर्मित लैडल ट्रांसफर कार का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार द्वारा किया गया। इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन में महाप्रबंधक एचके सचदेव, महाप्रबंधक नाबर्शी रॉय, वरिष्ठ प्रबंधक प्रमोद कुमार, सहायक महाप्रबंधक गीतेश देवांगन, महाप्रबंध त्रिभुवन बैठा, श्री पी. सतपथी संजीव कुमार मिश्रा, अजित नारायण, वरिष्ठ प्रबंधक अभिषेक झा, सहायक महाप्रबंधक किरण कुमार, महाप्रबंधक डीके वार्ष्णेय, सहायक महाप्रबंधक केके तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक आशुतोष सिंह, सहायक प्रबंधक लक्ष्मी नारायण रेड्डी, सहायक महाप्रबंधक मुनीम खान, तथा प्रबंधक गौरव पटेल सहित एसएमएस-3 के अन्य अधिकारियों का योगदान रहा।

कन्वर्टर से टैप किए गए तरल स्टील को ट्रांसफर कारों के माध्यम से स्टील लैडल्स में डालकर सेकेंडरी रिफाइनिंग यूनिट में भेजा जाता है। इसमें तीन लैडल फर्नेस में उसका अंतिम रिफाइनिंग कर उच्च गुणवत्ता का स्टील उत्पादित किया जाता है। प्रत्येक लैडल फर्नेस के लिए एक समर्पित ट्रांसफर कार है, जिसकी भार क्षमता 80 मीट्रिक टन है। चूंकि एसएमएस-3 के पास कोई अतिरिक्त लैडल ट्रांसफर कार उपलब्ध नहीं थी।

## खबर संक्षेप



### योगदान को बताया सराहनीय

**भिलाई।** संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मेला अंबेडकर प्रतिमा चौक पावरहाउस में संपन्न हुआ। सांसद विजय बघेल, पूर्व मंत्री विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे, वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव , पूर्व विधायक सांवलाराम डाहरे पूर्व विधायक, संभाग आयुक्त महादेव कावरे, जांच आयोग आयुक्त दिलीप वासनिकर, अध्यक्ष सुनील रामटेके, सर्व दलीय प्रतिनिधि, कलाकार और संस्था के पदाधिकारी शामिल हुए। विभिन्न स्थानों से निकली रैली अंबेडकर चौक पर समाप्त हुई। यहां सभा में मुख्य वक्ताओं ने बाबा साहब के संविधान और देश में योगदान को सराहनीय बताया।

### रेलवे कर्मी के मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर टेक्निशियन के मकान से सोना चांदी के जेवरात और नगदी पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि टंकी मरोदा गणेश चौक निवासी मनोज कुमार कोठारी रेल्वे में टेक्नीशियन पद पर कार्यरत है। मकान में ताला जड़कर परिवार समेत ससुराल रायपुर घुमने गए थे। पडोसी संजू सारजा ने कॉल कर सूचना दी कि मकान का ताला टूटा पड़ा मिला है। वापस घर पहुंचने पर देखा सारा सामान बिखरा पड़ा मिला है। मकान से सोना चांदी के जेवरात, टीवी, लेपटॉप,गुल्लक में रखे नगदी रकम चोरी हो गया। उक्त सामनों की कीमत 60 हजार रपए आंकी गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। शहर में लगातार चोरी की वारदात हो रही है। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह फेल हो गई है। आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### हमारी परंपरा, विचार और सांस्कृतिक विरासत देश की धरोहर को सहेजे

**भिलाई।** आर्य समाज में विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर धर्म संस्कृति और परंपरा से जुड़ने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा सिर्फ ईट और पत्थर ही हमारी धरोहर नहीं है। पुरातत्व विभाग इन्हें सहेजकर रखता है। हमारी परंपरा, हमारे विचार और हमारी सांस्कृतिक विरासत भी एक सच्ची धरोहर है। विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर हम सभी को अपनी आने वाली पीढ़ी को अपनी धरोहरों से जोड़ने का प्रयत्न करना चाहिए। वेद संस्कृति उपनिषद रामायण महाभारत यह किस देश के धरोहर है जो संपूर्ण विश्व को दिशा दिखा सकती है। महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती एवं आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूरे होने पर महासम्मेलन का आयोजन 19 व 20 अप्रैल को रायपुर में किया गया। इस अवसर पर छग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत कार्यक्रम में शामिल हुए।

### आरटीई पोर्टल में तकनीकी सुधार से डुप्लीकेट आवेदनों पर अंकुश, 25 हजार फार्म कम भरे

# आरटीई से दाखिले के लिए स्कूलों में 100 गुना ज्यादा आवेदन, इस बार कड़े नियम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई




अनिवार्य व निःशुल्क बाल शिक्षा अधिकार के तहत निजी स्कूलों में दाखिले के लिए आवेदन करने का पहला चरण पूरा हो गया है। दुर्ग सहित पूरे प्रदेश भर में 54 हजार 300 सीटों के लिए आवेदन मांगे गए। इस चरण में सबसे अहम बात यह रही कि डुप्लीकेट आवेदनों पर अंकुश लगा। पिछले साल की अपेक्षा प्रदेशभर में 25 हजार फार्म कम भरे गए हैं। वर्ष 2024-25 में 1 लाख 30 हजार 500 फार्म पहले चरण में भरे गए थे। इस बार 1 लाख 5 हजार 372 आवेदन हुए। वहीं नामी गिरामी स्कूलों में दाखिले के लिए सबसे ज्यादा होड़ मची है। हाल यह है कि सीटों से 100 गुना ज्यादा आवेदन इन स्कूलों के लिए आए हैं।

### दुर्ग जिले में 3 हजार आवेदन कम

दुर्ग जिले में पहले चरण में पिछले साल की अपेक्षा करीब 3 हजार आवेदन कम आए हैं। पिछले साल वर्ष 2024-25 में पहले चरण में 13300 आवेदन आए थे। इस बार वर्ष 2025-26 में 10532 आवेदन आए हैं।

### 100 गुना से ज्यादा आवेदन

भिलाई के नामी स्कूलों के लिए बच्चों ने सबसे ज्यादा आवेदन भरे हैं। डीपीएस दुर्ग, डीपीएस भिलाई, मैत्री विद्या निकेतन, केपीएस स्कूल, डीएवी स्कूल, शंकराचार्य विद्यालय, इंदु आईटी सहित 12 स्कूल हैं। इन स्कूलों में सीटों से 100 गुना ज्यादा आवेदन आए हैं। इन स्कूलों में बच्चों के प्रवेश के लिए मारामारी मची

### नामी स्कूलों की सीटें और आवेदनों की संख्या

| स्कूल | सीटें | आवेदन |
|---|---|---|
| डीपीएस दुर्ग- | 30 | 299 |
| डीपीएस भिलाई | 91 | 202 |
| केपीएस नेहरूनगर | 59 | 390 |
| केपीएस सुंदरनगर | 23 | 813 |
| शंकराचार्य विद्यालय | 47 | 222 |
| शकुंतला विद्यालय | 37 | 883 |
| इंदु आईटी | 16 | 792 |
| डीएवी हुडको | 54 | 172 |
| शारदा विद्यालस | 33 | 328 |
| मैत्री विद्या निकेतन | 29 | 328 |

### डुप्लीकेट व फर्जीवाड़ा पर रोक के लिए बने नए नियम... पालन जरूरी

#### राशन कार्ड में नहीं चलेगा पोता-पोती

**1** अंत्योदय राशनकार्ड परिवार से अभिप्रेरित है। इसलिए इसमें केवल पति, पत्नी और उनके अविवाहित बच्चे तथा आश्रित सदस्य होना चाहिए। यह नियम परिभाषित करता है कि पोता, पोती, नानी या नातिन का नाम दर्ज नहीं हो सकता। जिला खाद्य विभाग, नगरनिगम व नगर पालिका के द्वारा फर्जी तरीके से विवाहित बच्चों व उनके बच्चों का नाम जोड़ा गया।

#### 2011 के दस्तावेज का नहीं हो सकता परीक्षण

**2** सामाजिक, आर्थिक तथा जातिगत जनगणना 2011 के दस्तावेजों का परीक्षण नहीं किया जा सकता। इसलिए कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दुर्ग में इस जनगणना के हितग्राही परिवारों की अनुमोदित सूची उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण नोडल प्राचार्य आवेदकों का इस दस्तावेज सत्यापन नहीं कर सकते।

#### गरीबी रेखा का अनुमोदन नहीं कर सकेंगे अनुमोदन

**3** गरीबी रेखा की सूची में आवेदक के संरक्षक का नाम दर्ज होना चाहिए। लेकिन राजपत्र के अनुसार गरीबी रेखा की सूची में माता-पिता का नाम दर्ज होना चाहिए। यानी नोडल प्राचार्य आवेदक के दादा-दादी के गरीबी रेखा सत्यापन प्रमाण पत्र का अनुमोदन नहीं कर सकते हैं।

#### लाटरी सिस्टम से चयन

"जिन स्कूलों में सीटों से ज्यादा आवेदन आए हैं वहां लाटरी सिस्टम से प्रवेश दिया जाएगा। नामी स्कूलों के लिए सबसे ज्यादा आवेदन आए हैं। परीक्षण चल रहा है।

- अरविंद कुमार मिश्रा, डीईओ दुर्ग

# छग में साहू समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है : साव



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई/सेलूद

तहसील साहू संघ पाटन द्वारा दो दिवसीय तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन अमलेश्वरडीह में रविवार को किया गया। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव थे। कार्यक्रम की शुरुआत 1009 दीपों के साथ कृष्ण कर्मा की महाआरती के साथ हुई।

- कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन

श्री साव ने कहा कि सामूहिक विवाह में जिसका विवाह सम्पन्न होता हैं, उसका दाम्पत्य जीवन सुखमय और सफल होता हैं। क्योंकि पूरा समाज एक साथ आशीर्वाद प्रदान करता है। यहां विवाह बंधन में बंधने वाले 24 जोड़ा समाज के गौरव व प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि साहू समाज की ताकत समाज के लोगों की मेहनत व ईमानदारी हैं, जिससे हमारा समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सामूहिक विवाह मे शामिल बेटा बेटियों को बधाई देते हुए कहा आप सभी का वैवाहिक जीवन सुखमय हो आपके माता पिता को भी बधाई व धन्यवाद जो की अपनी बेटियां व बेटों की विवाह सामूहिक विवाह मे विवाह करा रहे हैं। इससे परिवार को आर्थिक बोझ से निजात मिलती है। समय और पैसों की भी बचत होती है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि आजकल शादी के पहले प्रीवेडिंग की कुप्रथा चल रही है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है। शादी, ब्याह परंपरा के अनुसार होना चाहिए। आज के दौर में समाज में नया नया वर्ग पैदा हो रहा है। कुछ लोग अपने आप को कट्टर कांग्रेसी मानते है तो कुछ लोग कट्टर भाजपा वर्ग के मानते हैं। ठहरे हुए पानी में गंदगी आती है। सामाजिक संगठनों बहते हुए पानी की तरह हो।सांसद विजय बघेल ने कहा भक्त माता कर्मा ने अपनी जीवन की हर तपस्या, साधना,पूजा, भक्ति को समाज के लिए समर्पित कर दिये।

# स्कूटी से वार्ड संपर्क अभियान में निकले विधायक रिकेश सेन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन अपने वार्ड संपर्क अभियान के तहत रविवार को वार्ड-1 खमरिया जुनवानी में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मौके पर समस्याओं का निराकरण किया वहीं कुछ अन्य समस्याओं के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। विधायक 5 घंटे तक स्कूटी पर वार्ड की समस्याओं से अवगत होते रहे।

- खमरिया जुनवानी में दिए कई समस्याओं के निदान के निर्देश

उन्होंने खमरिया पौनी पसारी बाजार पर असामाजिक तत्वों के अड्डे की शिकायत पर तत्काल तबूतरे को तोड़वा दिया। तत्काल बुलडोजर चलवा दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले यह चबूतरा बारात के जनवासा समेत गांव की अन्य बैठकों के काम आता था लेकिन अब इन चबूतरों पर देर रात तक आसामाजिक तत्व शराब सेवन करते हैं, जुआं खेलते हैं जिससे महिलाओं को परेशानी हो रही है। चबूतरे पर लगा डोम शेड निकालकर उन्होंने मुक्तिधाम में लगाने के निर्देश दिए। विधायक द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि मुक्तिधाम में कचरा डंप होने की जानकारी मिलने पर विधायक ने निगम स्वास्थ्य अधिकारी को वहां ट्रेंचिंग ग्राउंड न बनाने के निर्देश दिए। 10 हजार वर्गफुट पर पूर्व में बनाया गया कांजी हाऊस वर्षों से बंद पड़ा है, जिसे डिस्मेंटल कर मांगलिक भवन बनाने के निर्देश देते हुए 30 लाख रूपये की घोषणा की। भ्रमण के दौरान महिलाओं ने विधायक से सूनसान स्थान पर बोरिंग होने से परेशानी होने व अन्यत्र शिफ्ट कराने की मांग की।



# प्रेमी ने किया मंगेतर का अपहरण प्रेमिका समेत आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



अपहरण करने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि मंगल बाजार छावनी निवासी भूपेन्द्र यादव ने शिकायत किया कि दोस्त टोकेश साहू के साथ बाइक में बैठकर घर जा रहे थे। तभी बोगदा पुलिया के पास पहुंचते ही कार में सवार व्यक्तियों ने बाइक को रोका। कार से युवक उतरे और टोकेश साहू को गाली गलौज कर जमकर मारपीट कर कार में बिठाकर अपहरण कर बेमेतरा ले गए। मौका पाते ही टोकेश साहू फरार हो गया। तकनीकी सहायता और हुलिया के आधार पर आरोपी कौगिया कला थाना परपोड़ी जिला बेमेतरा, हाल-इन्द्रप्रस्थ नगर, नागपुर(महाराष्ट्र) निवासी दुर्गेश साहू को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसने पुलिस को बताया कि वह हेम कुमारी साहू उर्फ हेमा से प्रेम करता है। हेम कुमारी की शादी टोकेश साहू के साथ तय हुआ था। हेम कुमारी टोकेश से शादी नही करना चाहती थी। आरोपी हेम कुमारी अपनी शादी की जानकारी, मंगेतर टोकेश साहू का बायोडाटा व फोटो अपने प्रेमी आरोपी दुर्गेश साहू को दिया। आरोपी दुर्गेश साहू अपने दोस्त ग्राम डूंडा थाना व जिला बेमेतरा हाल में इन्द्रप्रस्थ नगर, नागपुर महाराष्ट्र निवासी अमित वर्मा उर्फ राजा बंटी के साथ मिलकर साजिश रची। नागपुर से क्रेटा कार में बोगदा पुलिया जामुल आकर टोकेश साहू को रास्ते में रोक कर मारपीट किया।

- जामुल थाना क्षेत्र की घटना, महाराष्ट्र से पकड़े गए आरोपी

### सामूहिक विवाह के लिए रावघाट के गांवों को दी वित्तीय सहायता

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक गतिविधियों के तहत दूरस्थ वनांचल को बीएसपी के रावघाट लौह अयस्क खदान द्वारा रावघाट लौह अयस्क परियोजना के तहत मुख्य महाप्रबंधक (रावघाट) अरूण कुमार तथा महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट के प्रयासों से खड़कागांव एवं बिंजली ग्राम को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस वित्तीय सहायता के अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन के लिए ग्राम बिंजली की सरपंच गमिता कुमेटी को 50 हजार रूपए तथा खड़कागांव की सरपंच जुनाय सलाम को ग्राम में जात्रा अनुष्ठान के आयोजन के लिए 50 हजार रूपए का चेक सहायक महाप्रबंधक डीएन रस्तोगी द्वारा सौंपा गया।

### शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

# भिलाई-चरोदा निगम की लापरवाही, ले-आउट में 80 फीट की सड़क, मौके पर बनी 40 फीट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई


लापरवाही उजागर

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा वार्ड 19 पदुमनगर की मुख्य सड़क जो नेशनल हाइवे से श्रीराम सिटी तक पहुंची है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नक्शे में 80 फीट की सड़क दिखाई दे रही है। लेकिन निगम के अधिकारियों की लापरवाही के चलते आज 40 फीट चौड़ी सड़क मौके पर बन पाई है। सड़क निर्माण निगम इंजीनियरों की निगरानी में तीन साल पहले किया गया था। मिली जानकारी के मुताबिक भिलाई-3 में जीई रोड से लेकर श्रीराम सिटी तक 850 मीटर लंबी सड़क अतिक्रमण की भी भेंट चढ़ गई है। सबसे अहम बात तो यह है कि निगम अफसरों ने रसूखदारों की निजी जमीन को बचाने के लिए 40 फीट की सड़क का निर्माण कर दिया। इसको लेकर पूर्व में शिकायतें भी हुई है। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उधर सड़क पर भी कुछ लोगों ने कब्जा कर सामान रख दिया है। अस्थाई अतिक्रमण हटाने की भी कार्रवाई नहीं की गई। इसकी वजह से यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और पदुम नगर के रहवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी शिकायत अधिवक्ता अवेधश कुमार ने थी।

- वार्ड-19 पदुमनगर भिलाई-3 की सड़क का मामला

बावजूद पदुमनगर मार्ग के बगल में खाली जगह पड़ी है। फिर भी नगर निगम ने कम चौड़ाई की सड़क बनाई है। यह मार्ग काफी व्यस्त रहता है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि यह मार्ग सीधे जीई रोड से जुड़ा है। इसके सामने ही चिकित्सालय और कुछ होटल भी हैं। स्थानीय लोगों ने इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

#### पहले 80 फीट

"कुछ लोगों की निजी जमीन है। जब तक अधिग्रहण नहीं होगा, कुछ नहीं कह सकते है। पहले के ले -आउट में सड़क 80 फीट की थी। सड़क निर्माण का काम लगभग पूरा हो गया है।

- प्रकाश थवानी
ईई भिलाई-चरोदा नगर निगम

#### सड़क सिमट गई है

"पदुम नगर मुख्य मार्ग से श्री राम सिटी तक रोड टाउन एंड कंट्री प्लानिंग में स्थित नक्शा में 80 फीट का रोडका है। भू माफिया और निगम प्रशासन की लापरवाही से यह सड़क 40 फीट में सिमट गई है। रसूखदारों पर निगम अब तक कार्रवाई नहीं की है। सड़क 40 फीट में सिमटना जांच का विषय है। भू- माफियाओं द्वारा प्रमुख मार्ग पर अतिक्रमण कर सड़क की चौड़ाई आधी कर दी गई है।

- मनीष वर्मा
पार्षद वार्ड 19 नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा

### हिंदी साहित्य समिति की बैठक एवं काव्य गोष्ठी

# हम शराफत में कहीं आधे कहीं तिरछे मिले हैं, होश में देखो हमें हम कितने बिखरे पड़े



**भिलाई।** दुर्ग जिला हिन्दी साहित्य समिति की बैठक रविवार को आयोजित की गई। काव्य गोष्ठी में कवियों ने समसामयिक विषयों पर कविताओं की प्रस्तुति दी। अध्यक्ष बलदाऊ राम साहू ने राजधानी में राष्ट्रीय बाल संगोष्ठी पर केंद्रित विशेष आयोजन का प्रस्ताव रखा। शायर सुशील यादव की रचना 'हम शराफत में कहीं आधे कहीं तिरछे मिले हैं, होश में देखो हमें हम कितने बिखरे पड़े हैं।' कवियों द्वारा सराही गई। बैठक में तय किया गया कि प्रति माह समिति बैठक का आयोजन करेगी और विशिष्ट साहित्यकारों के सम्मान में परिचर्चा सहित विभिन्न पर्व आधारित संगोष्ठी आयोजित करेगी। काव्य गोष्ठी में अध्यक्ष बलदाऊ राम साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर एन श्रीवास्तव, जी पी सोनी, नित्यानंद पांडे, शायर सुशील यादव, डॉ अजय आर्य, शारदा प्रसाद पांडे ने कविताओं के माध्यम से अपने विचार रखे।

### बुजुर्गों के साथ समय बिताया जाए को सराहा

राकेश गुप्ता ने मरनासन्न कर्ण और कृष्ण संवाद के माध्यम से कर्म-फल और न्याय पर आधारित भावपूर्ण रचना' साथ अधर्म के खड़े नहीं अपराध बड़ा है, सतत पाप में भागीदारी पाप बड़ा है' की प्रस्तुत की। नित्यानंद पांडे ने भोजपुरी में स्वप्न जीवित रहें कविता प्रस्तुत की। अध्यक्ष बलदाऊ राम साहू ने अपनी रचना 'बच्चों को कुछ अच्छा सिखाया जाए बुजुर्गों के साथ समय बिताया जाए' और जिस घर में अम्मा रहती है वह घर, घर लगता है की मार्मिक प्रस्तुति दी। डॉ. अजय आर्य ने श्रृंगार रस की रचना \तेरी यादों की चादर ओढ़ कर सो रहा हूँ, तकिए से लिपटकर पैर को मोड़ कर सो रहा हूँ\सुनाई। राज नारायण श्रीवास्तव ने आध्यात्म पर आधारित कविता तथा एस पी पांडे ने अमरूद और तोते के माध्यम से सामाजिक सौहार्द्र पर रचना पढ़ी।\ काव्य गोष्ठी का संचालन सचिव राकेश गुप्ता रूसिया ने किया।

# ब्राजील से आया गिरलैंडों प्रजाति के सांड का 5 सौ डोर फ्रोजन सीमन

आलोक तिवारी ⏭ दुर्ग

देश में पहली बार इंम्पोर्टेट सीमन विदेश से लाया गया है। जो अब तक का सबसे महंगा सीमन है। कुछ दिनों पहले ही इसे ब्राजील से हवाई मार्ग के रास्ते चेन्नई और फिर वहां से छत्तीसगढ़ के दुर्ग वीर्य संग्रहाल में सुरक्षित रखा गया है। यह फ्रोजन सीमन है। जिसे लिक्वीड नाइट्रोजन में सुरक्षित रखा गया है। यह सीमन ब्राजील के गायों के नस्ल गिरलैंडो प्रजाति के सांड का सीमन है। जो बेहद खास है। यह अब तक का सबसे महंगा सीमन है। ऐसे तो सामान्य सांडों के सीमन की कीमत 30 रुपए प्रति डोज से लेकर 80 रुपए तक होती है। सेक्ट शॉर्टेज सीमन की कीमत 639 रुपए है। लेकिन गिरलैंडो के सीमन के प्रति डोज की कीमत करीब 1384 रुपए है। 500 डोज केंद्र सरकार ने ब्राजील से मंगाकर छत्तीसगढ़ को दिया है। इस सीमन से प्रदेश के गिर प्रजाति के गायों को कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से गर्भवती गिरलैंडों प्रजाति के बच्चे का जन्म कराया जाएगा। ताकि यह प्रजाति हमारे यहां भी हो और इसकी संख्या बढ़े। ताकि आने वाले वर्षों में प्रदेश में बढ़ती दूध की मांग को पूरा करने के लिए दूध उत्पादन को बढ़ाया जा सकें।

## नस्ल सुधारने के बाद गाय से लिया जा सकता है एक दिन में 80 लीटर तक दूध

### जानिए गिरलैंडो प्रजाति के गाय की खासियत

प्रजाति पर ब्राजील के वैज्ञानिकों ने वर्षों तक शोध किया। कई जैनेटिक परिवर्तन किए। इससे एक नई प्रजाति तैयार किए। जिसका नाम गिरलैंडो रखा गया। यह गाय ठंड, गर्मी, बारिश सभी मौसम में अपने आप को ढाल लेते है। इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता अच्छी होती है। जल्दी बीमार नहीं पड़ते और सबसे खास बात यह एक दिन में 80 लीटर तक दूध देती है। इसलिए केंद्र सरकार ने इस प्रजाति के सांड का सीमन भारत लाया है।



### भारत की गिर से ही गिरलैंडो बना

वीर्य संग्रहालय के डायरेक्टर डॉ संजीव सहत्रबुद्धे ने बताया कि भारत के गिर नस्ल की गाय आजादी से पहले ब्राजील भेजी गई थी। गिरोलेंडो गाय ब्राजील की हॉलिस्टन और गिर की मिक्सब्रीड है। जो संभवता विश्व की सबसे ज्यादा दूध देने वाली गायों में से एक है। दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ में देशी (कोसली), एचएफ, गिर, जर्सी, साहीवाल आदि प्रजाति है। लेकिन यह सब इतना दूध नहीं देती। हालाकि यहां इनता दूध उत्पादन के लिए देख-रेख और खान-पान में भी ध्यान देना होगा। जब गिर ब्राजील पहुंची तो वहां के वैज्ञानिकों ने अपनी हॉलिस्टन नस्ल के साथ मिलाकर गिरोलेंडो नस्ल को तैयार किया। कुछ जैनेटिक परिवर्तन भी किए। जिससे यह गाय सबसे ज्यादा दूध देने वाली गाय बन गई।

### सांड लाने से अच्छा वीर्य ला रहे

वीर्य संग्रहालय के डायरेक्टर डॉ. संजीव सहस्त्रबुद्धे ने बताया कि सांड लाएंगे तो ज्यादा परेशानी है। उसे लाने के बाद उसकी देख-रेख और फिर बच्चे पैदा कराना कठिन काम है। इसलिए सरकार ने फ्रोजन सीमन लाने की योजना बनाई है। इससे एक बार में ही कृत्रिम गर्भाधान करके सैकड़ों गायों को गर्भवतिकर कई बच्चे पैदा करवा सकते हैं। किसी भी प्रजाति को पूरी तरह से बनने में 7 पीढ़ी लग जाता है। फ्रोजन सीमन आएगा। उसे लैब में लिक्विड फाम में बदलेगे। फिर उसे जिस गाय को प्रेगनेट करना होगा, उसमें मशीन से कृत्रिम गर्भाधान करवाएंगे। इससे जो बच्चा जन्म लेगा, उसमें दोनों प्रजाति का 50-50 प्रतिशत गुण होगा। यह बड़ी होगी तो उसमें फिर प्रयोग करेंगे। ऐसा करते-करते 7 पीढ़ी में जो बच्चा जन्म लेगा वह पूरी तरह से गिरलेंडो होगा।

## खबर संक्षेप



### मई से 1000 रुपए चार्ज एवं 15 प्रतिशत पेनाल्टी

दुर्ग। 2024-25 का संपत्ति कर करदाता ऑनलाइन या टैक्स काउंटर निगम कार्यालय में जाकर टैक्स जमा कर सकते हैं। अंतिम 10 दिन शेष है। 1 मई से 1000 पैनल चार्ज एवं 15 प्रतिशत पेनाल्टी लगेगा। आयुक्त ने कहा कि अवकाश पर भी टैक्स काउंटर खुले रहेंगे। नगर निगम के संपत्ति कर विभाग ने बकायेदारों से वसूली के लिए सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। बड़े बकायेदारों पर सख्त कार्रवाई हो सकती है। राजस्व अधिकारी राजकमल बोरकर एवं सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर बताया कि कर न भरने वाले सभी बकायेदारों को चिह्नित किया जा चुका है और उन्हें टेलीफोन एवं सहायक राजस्व निरीक्षकों के माध्यम से सूचित किया जा रहा है। समय पर बड़े संपत्ति कर का भुगतान नहीं करते, तो नगर निगम नियमानुसार सख्त कार्रवाई करेगा। इसमें जुर्माने की राशि के साथ ब्याज, निगम की ओर से नोटिस और संपत्ति जब्ती की कार्रवाई के अलावा कानूनी कार्रवाई की संभावना भी शामिल हैं।

### मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 3 मई से

दुर्ग। जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल के सहयोग से 3 एवं 4 मई को कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल धमधा रोड में दो दिवसीय जिला स्तरीय मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया गया है। जिसमें अंडर 7, 9, 11 एवं अंडर 13 के शतरंज खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि उक्त चैंपियनशिप अंतराष्ट्रीय नियम के अनुसार खेली जाएगी। उक्त चैंपियनशिप के अंडर 7, 9, 11 एवं अंडर 13 के दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राज्य चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा जो 15 से 19 मई तक एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में आयोजित है। उक्त चैंपियनशिप के सभी आयु समूह वर्गो के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं तीसरे एवं चौथे स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। जिला शतरंज संघ के उपाध्यक्ष दिनेश जैन, ललित वर्मा, एस के भगत, दिनेश नलोडे, मोरध्वज चंद्राकर, अजय राय अन्य सहयोग कर रहे हैं।

## विडंबना : सात गांव को मिलाकर चल रहा समूह जल योजना का कार्य

# समूह जल योजना का कार्य एक साल पीछे, गहराएगा जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जल जीवन मिशन के तहत ऐसे सात गांव जहां जल स्त्रोत नही होने के कारण नदी से इंटकवेल बनाकर पानी लाने की योजना थी। लेकिन एक साल देरी होने के कारण सात गांव के तीन सौ से अधिक घरों में पेयजल की संकट होगी। इस प्रोजेक्ट को 2024 दिसंबर में पूरा किया जाना था। लेकिन पूरे एक साल देरी होने के कारण इस गर्मी ग्रामीण पेयजल के लिए तरसेगें।

पीएचई विभाग का दावा है कि, वर्ष 2025 दिसंबर माह में प्रोजेक्ट पूरा कर लिया जाएगा। जबकि इस प्रोजेक्ट को 2024 दिसंबर में पूरा कर लिया जाना था। विगत दिनों कलेक्टर अभिजीत सिंह ने समूह योजना का निरिक्षण कर धीमी गति से चल रहे प्रोजेक्ट को लेकर जमकर फटकार लगाई थी। जिसके बाद पीएचई विभाग द्वारा दो फर्म को नोटिस भी जारी किया था। जानकारी अनुसार समूह जल योजना में सात गांव शामिल है। यहां के करीब ढाई सौ से अधिक घर लाभान्वित होगें। ग्रामीणों को इस बात की उम्मीद थी कि, इस साल नदी से पानी का प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा और उन्हें गर्मी में पानी के लिए भटकना नही पडेगा। लेकिन प्रोजेक्ट एक साल देरी से शुरू की गई।

### खास बातें

- सात गांव में ढाई हजार से अधिक आबादी होंगे प्रभावित
- इस साल गांव में भीषण जल संकट, टैंकरों से हो रही सप्लाई
- जल जीवन मिशन का बुरा हाल, वर्ष 2019 में हुआ था शुरू

## तीन सौ करोड़ रूपए से अधिक की लागत से बन रहा इंटकवेल



### गांवों की गलियों में पाइप लाइन बिछाने का कार्य भी अधूरा

जानकारी अनुसार डीआई पाइप नदी के इंटकवेल से गांव के पानी टंकी तक बिछेगी। वहीं पीवीसी पाइप टंकी से घरो तक जाएगी। बहरहाल नदी के इंटकवेल से गांव में बने पानी टंकी तक पाइप लाइन बिछाने का कार्य भी पूरा नही हुआ है। जानकारी अनुसार निकुम में इंटकवेल से टंकी में डीआई पाइप बिछाने का काम सिर्फ 35 फीसदी व पीवीसी 55 फीसदी किया गया है। वहीं सिरसाखुर्द भटगांव समूह में तीस फीसदी व पीवीसी 80 फीसदी, चंद्रखुरी कोलहापुरी पीसेगांव में साठ फीसदी व पीवीसी चालीस फीसदी, अंजोरा ढाबा में सौ फीसदी व पीवीसी 100 फीसदी, मतीमपुर में 80 फीसदी व पीवीसी 90 फीसदी, ओदरागहन सुरपा में और कौही रानीतरई में दोनो पाइप बिछ गया है।

### आदेश जारी होने के एक साल बाद शुरू हुआ योजना का काम

जानकारी अनुसार समूह जल योजना को लेकर कार्यदेश अक्टूबर 2023 में जारी हो चुका था। लेकिन ड्राईंग डिजाइन बनाने में देरी होने के कारण यह कार्य अप्रैल 2024 में शुरू किया गया। नदी से इंटकवेल कार्य में निकुम में 44 फीसदी कार्य हो सका है। वहीं जेवरा सिरसाखुर्द भटगांव में 45 फीसदी, चंद्रखुरी कोलिहापुरी पीसेगांव में 40 फीसदी, अंजोरा ढाबा 72 फीसदी, मोतीपुर 65 फीसदी और ओदरागहन सुरपा 65 और कौही रानीतरई में 45 फीसदी ही कार्य हुए है।

### नल कनेक्शन देने का काम भी अधूरा

समूह नल जल योजना के अलावा लोगों को घर में नल कनेक्शन देने का कार्य भी अधूरा है। वर्ष 2024-25 में 40 घरों को नल कनेक्शन देने का टारगेट रखा गया था, लेकिन साल बीतने के बाद भी 18 हजार घरों में नल कनेक्शन नहीं लग पाया है। इस तरह जिले में जल जीवन मिशन के तहत सिंगल विलेज प्रोजेक्ट का कार्य भी पूरा नहीं हो पाया है। जिले में अभी भी डेढ़ सौ से अधिक पानी टंकियां का निर्माण नहीं हो सका है।

### नोटिस जारी

कलेक्टर सर के निर्देश पर धीमि गति से कार्य करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी किया गया है। प्रोजेक्ट को आगामी 2025 दिसंबर तक पूरा करना है।
-उत्कर्ष पांडे, ईई पीएचई विभाग दुर्ग

# आत्मानंद स्कूल में लॉटरी सिस्टम से मिलेगा एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में बच्चों का दाखिला दिलाने के लिए पालकों को समय सारिणी जारी होने का इंतजार था। सत्र 2025-26 में छात्र-छात्राओं के प्रवेश के लिए सेजेस पोर्टल 10 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। जिसे लेकर लोक शिक्षण संचालनालय से सूचना जारी कर दी है। सत्र 2025-26 में 403 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी तथा 348 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय संचालित है। सत्र 2025-26 में प्रदेश के इन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम विद्यालयों की प्रक्रिया की जानी है। आवेदन के बाद लॉटरी व सीट आवंटन की 6 से 10 मई तक होगी। सभी स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन इसी तारीख से मंगाए गए हैं। 5 मई तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके बाद 6 से 10 मई तक प्रवेश के लिए लॉटरी, 11 से 15 मई तक प्रवेश दिए जाएंगे। ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। गाइडलान के अनुसार एक छात्र का आवेदन एक स्कूल में हो सकेगा। बीपीएल और आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों को रिक्त सीटों के 25 प्रतिशत सीटों के विरूद्ध प्रवेश दिया जाएगा। पालकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। सभी स्कूलों में पहली में प्रवेश के लिए बच्चों की उम्र साढ़े 5 से साढ़े 6 साल के बीच होनी चाहिए। कक्षा-1 में प्रवेश के लिए उम्र की गणना 31 मई 2025 के आधार पर

- आवेदन प्रक्रिया 10 अप्रैल से हो चुकी है शुरू

### महतारी दुलारी योजना के बच्चों को मिलेगा लाभ

एडमिशन में कोरोना की वजह से अनाथ हुए बच्चों को ₹महतारी दुलार योजना₹ के तहत विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश हेतु आवेदन पत्र के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMO) द्वारा जारी पालक का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालयों में से कन्या विद्यालयों को छोड़कर शेष विद्यालयों मे सह शिक्षा होगी तथा इनकी प्रत्येक कक्षा में रिक्त सीट का 50 प्रतिशत छात्राओं का चयन किया जायेगा। बालिकाओं की पर्याप्त संख्या नही मिलने पर बालकों से सीट भरी जा सकेगी।

### 31 मई 2025 से होगी उम्र की गणना

पालकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। कुल रिक्त सीटों के 25 प्रतिशत सीटों पर आवेदक बच्चों का चयन भी लॉटरी सिस्टम से किया जाएगा। कम्प्यूटर के माध्यम से रेंडमली चयन किया जायेगा। रिक्त सीटों पर अधिक संख्या में आवेदन आने पर लॉटरी से ही चयन किया जाएगा। स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूलों में क्षमता के अनुसार छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश कक्षा 6 वीं से 9वीं में सोसाइटी के निर्णय के अनुसार लिए जाएंगे। डीईओ मोहन राव सावंत ने बताया कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश के लिए समय सारिणी जारी कर दी गई है। 10 अप्रैल से आवेदन लिए जाएंगे।

## नशा मुक्ति, बालिका शिक्षा व सुरक्षा पर निकाली जन जागरुकता रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग शहरी परियोजना अंतर्गत परिक्षेत्र को परियोजना दुर्ग शहरी अंतर्गत सेक्टर उरला में जन जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड 57के पार्षद सरस कुमार निर्मलकर एवं वार्ड 58 की पार्षद श्रीमती रेशमा सोनकर आईसीपीएस एवं चाइल्ड लाइन से आशीष कुमार साहू, जय पटेल एवं सीता कन्नौजे, समाज सेवी जयवर्धन व विनीत चौरे, महिला बाल विकास से पर्यवेक्षक सीपी चंद्राकर, हुमेश्वरी चौरे मौजद रहे। वार्ड 57 के पार्षद सरस कुमार निर्मलकर द्वारा नशा मुक्ति एवं बालिका शिक्षा, रेशमा सोनकर द्वारा बालिका शिक्षा एवं बालिका सुरक्षा पर उद्बोधन दिया गया। आईसीपीएस एवं चाइल्डलाइन द्वारा बाल विवाह की रोकथाम बालिका शिक्षा पोक्सो एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में शपथ दिलाई गई। पश्चात क्षेत्र में रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

- पॉक्सो एक्ट की दी गई जानकारी

## नहीं थम रही शिक्षकों व प्रधानपाठकों की लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

जिले की सरकारी स्कूल शिक्षा व्यवस्था में भारी लापरवाही देखने को मिल रही है। वर्तमान में नए शिक्षा सत्र के तहत गत 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्कूलों का संचालन किया जा रहा है लेकिन आलम ये है कि जिला मुख्यालय कवर्धा से लेकर ब्लाक मुख्यालयों तक में सरकारी स्कूलों के प्रधान पाठक और शिक्षकों ने तो स्वयं अपनी पदांकित शालाओं में जा रहे हैं और न ही उनके द्वारा स्कूलों को खोला जा रहा है।

जिससे स्कूली बच्चों की पढ़ाई लिखाई तो प्रभावित हो ही रही है साथ ही बच्चों को शासन की योजना के तहत मध्यान्ह भोजन भी नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के मुताबिक सोमवार को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बोड़ला से महज कुछ कदमो की दूरी पर संचालित आदिवासी बालक आश्रम विद्यालय में सुबह 08.50 बजे ताला लटका मिला जो खुला ही नही था। यहां बताना लाजिमी होगा कि भीषण गर्मी के चलते शासन के आदेश के तहत विद्यालयों का समय सुबह 07.30 से 11.30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

ऐसे में विद्यालय में ताला लगे रहना शिक्षा और शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही को दर्शाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब शिक्षा विभाग के नाक के नीचे विकासखण्ड मुख्यालय बोड़ला में सरकारी स्कूल की शिक्षा व्यवस्था का ये आलम है तो फिर वनांचल व दूरदराज के ग्रामीण स्कूलों का क्या हाल होगा सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

- बोड़ला के स्कूल में लटका रहा ताला, भटकते रहे बच्चे

इस खस्ताहाल स्कूल व्यवस्था को लेकर जब विभाग के अधिकारी हरिकृष्ण नायक से बात की गई तो उन्होंने प्रधानपाठक के ऊपर उचित कार्यवाही की बात की। उनसे पूछा गया की किन कारणों के चलते स्कूल बंद है तो उन्होंने बताया की मुझे कोई जानकारी नही है। उस विद्यालय मे पढने वाले बच्चों से पूछा गया की स्कूल क्यों नही गए तो बच्चों ने बताया की कोई भी शिक्षक व प्रधान पाठक नहीं आए जिसके कारण स्कूल बंद है। माना जा रहा है कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में अधिकारी की अनुपस्थिति इसका सबसे बड़ा कारण है जिसके चलते ऐसी स्थिति निर्मित होते रहती है।

इस लापरवाही पर जब अधिकारियों से बात करो तो पता चलता है फिल्ड में है, ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब अधिकारी दौरे पर रहते तो फिर स्कूल में ताला क्यों लटका है। गौरतलब है कि अभी हाल ही में जिला मुख्यालय कवर्धा में भी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण के दौरान करीब आधा दर्जन सरकारी स्कूल बंद मिले थे और स्कूल के शिक्षण व प्रधान पाठक स्कूलों से गायब पाए गए थे। जिनके विरूद्ध कार्यवाही भी की गई थी।

## पेज 9 के शेष

### मरार पटेल सामुदायिक ...

पंचायत तिलाई अलख राम पाटिल अध्यक्ष रमेश कुमार पाटिल कोषाध्यक्ष संपत लाल पाटिल सचिव राम सिंह गायकवाड जनपद सदस्य बेरला अर्चना देशलहरे जनपद सदस्य बेरला मीनू पाटिल कुशाल नायक आशीष परगनिहा बलदाऊ पाटिल इतवारी साहू तेजराम पटेल कुमार पटेल दुकलहा साहू कुमारी पाटिल एवं पाटिल समाज के पदाधिकारी एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे ।

### मरार पटेल समाज की ...

किया है। समाज की एकता, सहयोग और संगठित प्रयास, आने वाले समय में इसे और अधिक सशक्त बनाएंगे।" अंत में उन्होंने कहा, "मैं समाज की हर सकारात्मक पहल के साथ सदैव खड़ा रहूँगा। मरार समाज की प्रगति, युवा शक्ति का मार्गदर्शन और सांस्कृतिक मूल्यों की सुरक्षा के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं।" यह आयोजन समाज में परंपरागत आदर्शों, सादगीपूर्ण जीवनशैली और सामूहिकता की भावना को सशक्त करता है। कार्यक्रम मे तेजराम पटेल महासंघ अध्यक्ष, कोसरिया मरार (पटेल) समाज ,कल्पना योगेश तिवारी जी – अध्यक्ष, जिला पंचायत बेमेतरा, रेखा पोषण सिन्हा – सदस्य, जनपद पंचायत बेरला,भगवती प्रसाद पाटिल – राजा ठाकुर, धमधा राज (तेलगा),हरिशचंद देवांगन – सरपंच, ग्राम पंचायत तिलई कीर्ति साहू – उपसरपंच, ग्राम पंचायत तिलई मीनू पटेल भाजपा नेत्री अनीता मिश्रा भाजपा नेत्री एवं ग्राम पंचायत तिलई के समस्त पंचगण मरार (पटेल) समाज के कई प्रतिष्ठित पदाधिकारी एवं सम्माननीय जनप्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

## विधायक गजेंद्र शहर में निकले मार्निंग विजिट करने

# धमधा रोड रोड की दशा में होगा सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विधायक गजेन्द्र यादव मॉर्निंग विजिट में सिकोला वार्ड पहुंचे और जनता से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुने इस दौरान वार्ड में होने वाले विकास कार्य के स्थल का निरीक्षण किया। बरसात के सीजन में सड़क खराब होने की समस्या का निराकरण करते हुए सालों से उनकी लंबित मांग को पूरा किए। शहर के सभी वार्डों में सड़क, नाली को दुरुस्त करने कार्य प्रगति पर है। पार्षद युवराज कुंजाम ने बताया की ट्रांसपोर्ट नगर की सड़क सालों से खराब है, इसके कारण बरसात में आवागमन में परेशानी होती है, गड्ढों में बरसाती पानी भरने से दुर्घटना भी हो चुकी है। विधायक गजेन्द्र यादव ने इसे संज्ञान में लिए और शासन से सड़क बनाने स्वीकृति दिलाने पर नागरिकों ने उनका आभार जताया।

- नागरिकों ने बताई समस्याएं



विधायक गजेन्द्र यादव ने धमधा रोड स्थित सिकोला वार्ड के ट्रांसपोर्ट नगर में सड़क बनाने और मुख्य मार्ग के दोनों ओर नाली निर्माण कार्य के लिए स्थल निरीक्षण किया। पीडब्लूडी के इंजिनियर को स्वीकृत कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने निर्देश दिए। ताकि बारिश पूर्व सड़क दुरुस्त हो सके। इससे क्षेत्र में बरसात के समय जलभराव की समस्या दूर होगी और आवागमन भी सुगम बनेगा। इस अवसर पर पार्षद कांशीराम कोसरे, मनोज सोनी, युवराज कुंजाम, खिलावन मटियारा, रेशमा सोनकर, ललिता ठाकुर, पूर्व पार्षद नरेश तेजवानी, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, गोलू सोनकर आदि मौजूद रहे।

### श्रमिकों से किया मुलाकात

सिकोला वार्ड पहुँचे विधायक गजेन्द्र यादव को देख बड़ी संख्या में उपस्थित श्रमिक उनके पास पहुंच गए। आत्मीयता से उनसे मुलाकात कर अपनी बात रखी। विधायक ने उनसे कामकाज की जानकारी लिए और उनसे संबंधित शासन की योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित होने कहा। उनके द्वारा की गई मांग को जल्द ही पूरा करने आश्वासन दिए।

## बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

दुर्ग। बहुजन समाज पार्टी द्वारा भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 वी जयंती व बहुजन समाज पार्टी की 41 स्थापना दिवस समारोह का आयोजन सतनाम भवन खोपली में किया गया। दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष दीपक चंद्राकर के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संतों गुरूओं व महापुरूषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया तथा बाबा साहब के जीवन दर्शन बताए गए। उनके अधूरे कारवां को बीएसपी के माध्यम से पूर्ण करने का



संकल्प लेकर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिले के कार्यकर्ता, पदाधिकारी व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### गायत्री टैलेंट सर्च का हुआ मेगा फाइनल

**राजनांदगांव।** जेएलएम गायत्री विद्यापीठ द्वारा कला व खेल प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें मंच प्रदान कर सम्मानित करने व उत्कृष्ट भविष्य हेतु उन्हें




बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करने एक मुक्त प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नगर की लगभग सभी स्कूलों के विद्यर्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दो चरणों में संपन्न ऑडिशन में 200 से अधिक प्रतिभावान बच्चों ने अपना पंजीयन करवाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 13 अप्रैल को इस मुक्त प्रतियोगिता गायत्री टैलेंट सर्च 2025 का मेगा फाइनल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।जिसमें चयनित प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर समा बांधा व अपनी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से दर्शकों व श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में 7 अलग-अलग कैटेगरी सुनिश्चित की गई थी। फैंसी ड्रैस, डांस सोलो एवं ग्रुप, गायन, वादन, चित्रकला, योगा एवं खेल से जुड़ी प्रतिभाओं ने अपनी उत्कृष्ट कला एवं खेल का प्रदर्शन किया। वहीं उस विधा से जुड़ी जानी-मानी हस्तियां जयश्री नायर, डॉ. चंदन सिंह, आकांक्षा श्रीवास्तव, चित्रा महिलांगे, रितेश देवांगन, कृति बक्शी, पलक सोनी निर्णायकों के रूप में उपस्थित रही। आतिथ्य की आसंदी पर आमोद श्रीवास्तव, प्राचार्य शुभांजलि श्रीवास्तव, रंगकर्मी शरद श्रीवास्तव, डॉ. हरप्रीत कौर, राजेश शर्मा, नीलम सिंह, माया अग्रवाल, रश्मि सिंह, प्रणिता शर्मा, सुंदरलाल ठक्कर, पूजा साहू, भूपेंद्र साहू शामिल थे। शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ. बृजकिशोर सुरजन ने संस्थान के इस प्रयास के लिए कला एवं खेल विभाग से जुड़े सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकांत चितलांगिया, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रुपाली गांधी, अमित उत्तलवार, अनिल बाजपेई, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, सीमा श्रीवास्तव, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, तामेश्वरी साहू, तरनजीत सिंह टुटेजा सहित शिक्षकगण शामिल थे। उक्त जानकारी शिक्षिका उषा झा एवं शिक्षक अतुल व्यास ने दी।

### न्योता भोज में परोसा गया करी लड्डू

**राजनांदगांव।** बुचीभरदा स्कूल में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन प्राथमिक शाला के



सफाई कर्मचारी उमेश्वर निषाद ने अपनी बिटिया भानेश्वरी के विवाहोपलक्ष पर किया। इस दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त अन्य व्यंजन परोसा और खुद बच्चों के साथ भोजन किया। दरअसल प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत स्कूलों में खास मौके पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं, ताकि बच्चों को और ज्यादा आहार-पोषण मिल सके। राजनांदगांव विकासखंड के सुरगी संकुल केन्द्र के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बुचीभरदा के बच्चों को दैनिक रूप से परोसे जाने वाले मध्यान्ह भोजन में चावल, दाल एवं सब्जी के अतिरिक्त करी लड्डू परोसा गया। भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियां छलक रहीं थी। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक राकेश सोनी, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला विभूति ठाकुर, दानदाता उमेश्वर निषाद, शिक्षक रितुराज चतुर्वेदी के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, रसोइया के साथ ही साथ स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### नवनिर्मित हाल व छात्रावास का उद्घाटन

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल राजनांदगांव में 19 अप्रैल को एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नवनिर्मित बहुउद्देशीय



हॉल एवं बालक छात्रावास का उद्घाटन और वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रायपुर सांसद बृजामेहन अग्रवाल व अध्यक्षता राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, अभिषेक अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, कुलबीर सिंह सलूजा, सुरिन्द्र सिंह कबरवाल, संतोष जैन, राजेंद्र कोटडिया, राजेश तिवारी, ललित अग्रवाल, अतुल देशलहरा, राखी देशलहरा एवं सम्मानित अतिथियों में डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा, डॉ. टेकेश्वर वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इन प्रस्तुतियों में बॉलीवुड नृत्य की ऊर्जा, हनुमान चालीसा की भक्तिमय प्रस्तुति, महाभारत और रामायण के प्रसंगों का नाट्य रूपांतरण, राजस्थान के लोक नृत्य की जीवंतता, छत्तीसगढ़ के बारहमासी नृत्य की मनमोहक झलक, छत्रपति शिवाजी महाराज को समर्पित विशेष प्रस्तुति और रतन टाटा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि शामिल थी। संस्था प्राचार्य रेखा तिवारी द्वारा विगत सत्र का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने हॉल का उद्घाटन करते कहा कि संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के इस नए बहुउद्देशीय हॉल का उद्घाटन करते वह अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा है। यह मंच निश्चित रूप से विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास के लिए नए अवसर प्रदान करेगा। अध्यक्षता करते सांसद संतोष पांडे ने कहा कि बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा और उनके अभिभावकों का सक्रिय सहयोग इस आयोजन को और भी खास बनाता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों को उनकी शैक्षणिक और अन्य उपलब्धियों के लिए पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों और अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं एक सामूहिक फोटो सत्र के साथ हुआ।

### जारी होगा जाति प्रमाण-पत्र, मिलेगा आरक्षण का लाभ

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश बनने के बाद से ही ना छत्तीसगढ़ में निवासरत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग को



जाति प्रमाण पत्र बनाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि ऐसी महिलाओं को भी छत्तीसगढ़ में जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जो विवाह के पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य में आई है। जबकि अपने मायके वाले प्रदेश में उच्च शिक्षित व अनुसूचित जाति जनजाति व पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में रहती है, किन्तु छत्तीसगढ़ में विवाह हो जाने से उसे छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग का लाभ प्राप्त नहीं होता है। लव कुमार रामटेके ने बताया कि अन्य प्रदेश में पढ़ी-लिखी महिलाएं जो विवाह के बाद छत्तीसगढ़ में आती है, ऐसी महिलाओं को उच्च शिक्षित होते हुए भी अथवा शिक्षित होती हुई भी छत्तीसगढ़ में आरक्षण का लाभ नहीं मिलने से उनके द्वारा प्राप्त की गई। शिक्षा का कोई उचित नहीं रह जाता है, ऐसा देखा जाता है कि ऐसी महिलाएं केवल घरेलू महिलाएं ही बनकर रह जाती है।

## अनदेखी

**कार्रवाई नहीं होने के अंचल में दौड़ रही अनेक गाड़िया, यातायात पुलिस मौन**

# मालवाहकों में ढोई जा रही सवारियां दुर्घटनाओं को न्योता पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

अंदरूनी इलाकों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग में ऐसे जान को जोखिम में डालकर चलने वाले नजारे इन दिनों आम हो गए हैं। यातायात पुलिस इन्हें रोककर या तो ऊपरी खर्च ले लेती है या चालानी कार्रवाई करने के बाद भी यात्रियों को इन्ही वाहनों में गंतव्य के लिए रवाना कर देती है। यह तस्वीर सोमवार शाम की है। मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोने के दौरान हुए हादसों से कोई सबक नहीं लिया जा रहा है। यातायात विभाग द्वारा चलाए जा रहे जागरुकता कार्यक्रमों का तब कोई औचित्य नही रह जाता जब कोई हादसा होता है फिर यह मुद्दा लोगों के लिए बहस का विषय बना रहता है। उसी समय नियमों की याद भी आती है लेकिन, फिर वही सिलसिला बदस्तूर जारी रहता है। हादसा होने के बाद शहर में इसकी चर्चा रहती है। बीते वर्ष दिलदहलाने वाली हुई थी घटना, ग्राम पथर्रा के 9 लोगों की हुई थी दर्दनाक मौत जिले में बीते साल के 28 अप्रैल रविवार को भीषण सड़क हादसा हुआ था जिस पिकअप वाहन में लोग सवारी कर रहे थे उसमें 32 लोग सवार थे और देर रात हुवे हादसे में तीन छोटे बच्चों सहित 9 लोग की जान चली गई थी । ग्रामीण ग्राम पथर्रा से छठी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए हुए थे और वापस लौटते वक्त या हादसा हो गया । इस घटना के बाद राज्य शासन ने मालवाहक वाहनों में यात्रियों को बिठाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश भी जारी किया गया था।

- चालानी कार्रवाई कर यातायात विभाग कर रहा खानापूर्ति



**ग्रामीण क्षेत्रों मालवाहकों का उपयोग**

मालवाहक वाहनों का उपयोग अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के द्वारा किया जाता है। इन्हें यदि किसी कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए दूसरे गांव जाना होता है तो ये पैसे बचाने के चक्कर में अधिकतर मालवाहकों का ही उपयोग करते है जिसका नतीजा कई लोगों की मौत और कई हमेशा के लिए अपने अंगों को खो देते हैं। दर्दनाक हादसे लंबे समय तक गहरे जख्म भी दे जाते हैं।

**मालवाहकों में यात्रियों को बिठाने का सिलसिला जारी :** जिला मुख्यालय सहित जिले भर में मालवाहक वाहनों में यात्रियों को बिठाने का सिलसिला जारी रहा इस मामले में ना कोई कार्रवाई करने में दिलचस्प ले रहा है । उल्ट यातयात विभाग सड़क पर दौड़ते दिखाई देने वाली यात्रियों से भरी मालवाहकों का 2 से 5 सौ का जुर्माना वसूल कर आसानी से जाने दे रही है ओर बाकायदा फोटो सेशन कर समाचारों पर प्रकाशन के लिए भेज रहे हैं। बाहरहाल मालवाहक वाहनों में ओवरलोड सफर यात्रियों की मजबूरी है या फिर प्रशासन की कमजोरी माना जाए ? गौरतलब हो कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए आवाजाही करने जीप, कार ,बस जैसे पारंपरिक साधनों के बजाए छोटे माल वाहक वाहन तथा ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग करते हैं ,जिसकी वजह से आए दिन गंभीर दुर्घटना होती



रहती है ग्रामीण जान जोखिम में डालकर छोटे मालवाहक वाहन का सहारा लेते हैं

मोटर व्हीकल एक्ट में साफ तौर पर मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोने पर पाबंदी है। हादसे होने की स्थिति में अपनी जान गंवाने वाले तथा घायल होने वाले लोगों को मुआवजे का भी प्रावधान नहीं है। वाहनों की बीमा पॉलिसी में भी सवारियां ढोने पर किसी प्रकार का क्लेम नहीं दिए जाने का उल्लेख होता है।

### मालवाहक मे सवारियां बैठाने पर पाबंदी

मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केवल मात्र मालवाहक वाहनों को सामान ढोने के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है। इसमें सवारियां बैठाने पर पाबंदी है। इसके बावजूद इसके नियमों का उल्लंघन हो रहा है। यहां पुलिस ऐसे मालवाहक वाहनों में यात्रियों को ढोने के मामले में एमवी एक्ट की धारा 184 तथा 192ए के तहत कार्रवाई करती है। इसमें 22 हजार रुपए यानी कुल 4 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान है। अक्सर मालवाहक वाहन यह जुर्माना भरकर अपनी राह पकड़ लेते हैं।

## उप समिति राजनांदगांव की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** उप समिति राजनांदगांव नवनिर्वाचित पदाधिकारी की प्रथम बैठक महाराणा प्रताप मंगल भवन चिखली राजनांदगांव में संपन्न हुई। बैठक की



अध्यक्षता उप समिति अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय ने की। बैठक की शुरूआत प्रभु श्रीराम और महाराणा प्रताप के तैलचित्रों में तिलक लगाकर किया गया। बैठक का संचालन सचिव रघुनंदन सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारी का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बैठक में महत्वपूर्ण बिंदु एवं आगामी होने वाले कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया।

बैठक में उप समिति उपाध्यक्ष संतोष सिंह चंदेल, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह बैस, उपसचिव आदर्श सिंह ठाकुर, निर्णायक सदस्य लालेन्द्र सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र सिखरवार, घनश्याम सिंह चंदेल, प्रदीप सिंह, बजरंग सिंह, अजीत सिंह, महिला अध्यक्ष शशि चौहान, युवा सचिव मोनू ठाकुर आदि पदाधिकारी उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रमुख आदर्श सिंह ठाकुर ने दी।

## नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. भूरे ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे ने आज अपरान्ह कलेक्टोरेट पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे वर्ष 2011 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। कलेक्टर ने सुशासन तिहार के संबंध में जानकारी ली तथा जिले में चल रहे विभिन्न कार्यों के संबंध में चर्चा की।

इसके उपरांत कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ के लिए रवाना हुए।



इस दौरान अपर कलेक्टर सीएल मार्केडेय, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर सरस्वती बंजारे, संयुक्त कलेक्टर हितेश्वरी बाघे, डिप्टी कलेक्टर अमिय श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अध्यक्ष राजेन्द्र, सचिव अतुल व कोषाध्यक्ष बने अशोक

- उदयाचल 2025-26 की नई कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उदयाचल के संरक्षक उत्तमचंद जैन, पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना एवं चतुर्भुज ठक्कर ने विगत दिनों वर्ष 2025-26 की नई कार्यकारिणी के सदस्यों को मनोनीत किया।

जिसमें अध्यक्ष राजेन्द्र बाफना, कोषाध्यक्ष अशोक मोदी, सचिव अतुल रायचा, उपाध्यक्ष एवं भवन निर्माण प्रभारी बृजकिशोर सुरजन, नेत्र चिकित्सालय प्रभारी पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, प्रमुख सलाहकार उत्तमचंद जैन, भवन प्रभारी भरत डाकलिया, व्यवस्था प्रभारी विनेश कुमार चोपड़ा, युवा संगठन प्रभारी विनोद डढ्ढा, सूचना प्रकाशन प्रभारी गौतम बाफना, बक्शी पुस्तकालय प्रभारी शरद अग्रवाल, सांस्कृतिक प्रभारी सुनील बरड़िया, पेयजल प्रभारी प्रकाशचंद रंगारी, विधि सलाहकार प्रभारी धर्मेन्द्र जैन, फिजियोथैरेपी विभाग प्रभारी त्रिलोचन सिंग बग्गा, होम्योपैथिक विभाग प्रभारी इंदरचंद कोठारी, कार्यकारी सदस्य गुरुमुख दास वाधवा, हरिशचंद जैन, बालचंद पारख, विष्णु प्रसाद लोहिया, आमंत्रित सदस्य सुरेश डुलानी, रमेश जैन, राजकुमार अग्रवाल बनाए गए। उदयाचल के सदस्यों ने नव मनोनीत सदस्यों को बधाई दी। उपरोक्त जानकारी जनसंपर्क प्रभारी गौतम बाफना ने दी।

**नगर पंचायत अध्यक्ष चौहान ने दिया आर्थिक सहयोग**

## श्री राम लीला में राम-रावण युद्ध का शानदार किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

नगर के दर्री पारा में धर्म प्रचारक मण्डल प्रयागराज के तत्वावधान में चल रहे श्रीराम लीला महोत्सव का रविवार की रात्रि राम-रावण युद्ध के आकर्षक मंचन के साथ भव्य समापन हुआ। धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं से ओतप्रोत इस आयोजन में नगरवासियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था।

समापन समारोह में नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धान्त चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि श्रीराम की लीलाओं का मंचन न केवल मनोरंजन करता है, बल्कि समाज में धार्मिक आस्था और नैतिक मूल्यों को भी मजबूती प्रदान




करता है। उन्होंने धर्म प्रचारक मण्डल को नगर में ऐसे धार्मिक आयोजन के लिए बधाई दी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने महोत्सव के सुचारू आयोजन हेतु आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया, जिसे लेकर आयोजक मण्डल ने उनका आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष चौहान ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को सहयोग देने की बात कही। महोत्सव के अंतिम दिन राम-रावण युद्ध के दृश्य का मंचन हुआ, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रभु श्रीराम के विजय के साथ मंचन का समापन हुआ और सम्पूर्ण वातावरण जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने नगरवासियों के सहयोग एवं उपस्थिति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी इस परंपरा को जारी रखने का संकल्प लिया।

## जिला मेडिकल बोर्ड का शुभारंभ

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर मांडवी के अथक प्रयास से जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 23 अप्रैल से जिला मेडिकल बोर्ड का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत दिव्यांगता अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत 21 प्रकार के दिव्यांगता का प्रमाण पत्र जिला मेडिकल बोर्ड के अंतर्गत बनाया जाएगा। इसके अलावा समस्त प्रकार के मेडिकल एवं फिटनेस फिट एवं अनफिट प्रमाण पत्र भी उक्त बोर्ड द्वारा बनाया जाएगा। यह मेडिकल बोर्ड प्रत्येक माह के चौथे बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला में बैठेंगे, जिस किसी जरूरतमंद को विकलांगता प्रमाण पत्र एवं मेडिकल प्रमाण पत्र बनाना हो, प्रत्येक माह के चौथे बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह 11 से 2 बजे तक आकर मेडिकल बोर्ड से जांच एवं परीक्षण कराकर अपना प्रमाण पत्र बना सकते हैं।

## जिलेभर में वाहन चेकिंग अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस ने जिलेभर में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 114 प्रकरण में 56700 रुपए जुर्माना कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया है कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाए रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने, छीनाझपटी करने वाले बदमाशों पर नजर बनाए रखने, शराब पीकर वाहन चलाने व तेज आवाज वाले साइलेंसर वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने, शादी के सीजन में मालवाहक वाहन में जा रहे यात्री वाहनों पर कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया गया था।

## अवार्ड सेरेमनी में प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मानित

**राजनांदगांव।** पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय के अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम में भविष्य के अधिवक्ताओं को उनकी प्रतिभा के चलते सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में विधि की परीक्षा के अंतिम सेमेस्टर में विश्वविद्यालय सहित महाविद्यालय में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किए गए ।

साथ ही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन वालों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय कुमार साहू (एडीजे) तथा डीआर देवांगन (फर्स्ट एडीजे) ने समारोह में अपने विचार रखे। नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा संचालित पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में 19 अप्रैल को अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम संपन्न हुआ। शाम लगभग 5.30 बजे मुख्य अतिथिद्वय विजय कुमार साहू (एडीजे) एवं डीआर देवांगन (फर्स्ट एडीजे), नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष नंदकुमार अग्रवाल, सचिव सुरेश एच. लाल, महाविद्यालय के प्रशासक डॉ. आरएन सिंह, प्राचार्य अलका चौहान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। प्राचार्य अलका चौहान ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।





